प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.07.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय नौसेना को समर्पित किया स्वदेशी युद्धपोत–निस्तार, कहा – देश की समुद्री शक्ति और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि।
2. मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में झरिया आग प्रभावित इलाकों को लेकर धनबाद में हुई समीक्षा बैठक, 81 स्थलों से लोगों की बेलगड़िया टाउनशिप में बसाने की प्रक्रिया तेज करने के दिए गए निर्देश।
3. झारखंड पुलिस की छह महीने की उपलब्धियों पर आईजी ऑपरेशन ने दी जानकारी, कहा– नक्सल, साइबर अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ हुई सख्त कार्रवाई।
4. मौसम विभाग ने राज्य में कल भारी बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया अलर्ट, रांची, धनबाद, सिमडेगा समेत कई जिलों में तेज हवाओं और वज्रपात की जताई संभावना।
5. बीसीसीआई टीम ने लोहरदगा स्टेडियम का किया निरीक्षण, सुविधाओं से संतुष्ट टीम ने बोर्ड मैच आयोजन की जताई संभावना।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज विशाखापत्तनम में 2300 करोड़ रुपये की लागत से बने स्वदेशी पोत 'निस्तार' को भारतीय नौसेना को समर्पित किया। 10,500 टन वजनी यह अत्याधुनिक जहाज गहरे समुद्र में राहत और बचाव कार्यों में सक्षम है और 1000 मीटर की गहराई तक संचालन कर सकता है। 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत बने इस पोत के निर्माण में देश के 120 एमएसएमई संस्थानों ने भागीदारी निभाई है। मंत्री संजय सेठ ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम और छत्रपति शिवाजी की नौसैनिक विरासत का आधुनिक प्रतीक बताया।

******************

धनबाद के झरिया और आसपास के आग प्रभावित क्षेत्रों से लोगों की शिफ्टिंग को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 81 ऐसे स्थलों की पहचान की गई, जहां से लोगों को बेलगड़िया टाउनशिप में अविलंब स्थानांतरित किया जाएगा। मौके पर मुख्य सचिव ने बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता और धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन को समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया।

******************

राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षण (एनएसएस) की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज रांची के सीसीएल कन्वेंशन सेंटर में अन्वेषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस रांची के उप महानिदेशक डॉक्टर विनीत कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एनएसएस की कार्यप्रणाली और योगदान के बारे में जागरूक करना है।

वहीं सीसीएल के निदेशक (एचआर) हर्षनाथ मिश्रा ने डाटा और आंकड़ों के महत्व को रेखांकित करते हुए एनएसएस के कार्यों की सराहना की।

******************

रांची में आज आईजी ऑपरेशन डॉ. माइकल राज एस ने प्रेस वार्ता कर झारखंड पुलिस की छह माह की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान में मुठभेड़, आत्मसमर्पण और गिरफ्तारी के साथ कई विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। साइबर अपराध के खिलाफ 620 कांड दर्ज हुए और 767 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही मादक पदार्थों के खिलाफ 389 मामले दर्ज कर 393 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा संगठित अपराध, अवैध गन फैक्ट्री, अफीम की खेती और विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है।

******************

रांची पुलिस ने साइबर क्राइम से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर बिहार से आए 14 युवकों को गिरफ्तार किया, जो ऑनलाइन जुआ और गेमिंग के जरिए साइबर ठगी में लिप्त थे। इन

आरोपियों के पास से 5 लैपटॉप, 17 मोबाइल और 90 एटीएम कार्ड बरामद किए गए। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने सरगना की तलाश शुरू कर दी है।

******************

हजारीबाग स्थित जिला खनन कार्यालय में केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम ने आज छापेमारी की, जो देर शाम तक चली। पांच सदस्यीय टीम ने कई अहम दस्तावेजों और फाइलों की जांच की। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

******************

जमशेदपुर के साकची स्थित शहीद चौक पर 18 जुलाई को 1974 के छात्र आंदोलन में शहीद हुए राजीव रंजन, प्रणब मुखर्जी और मोहम्मद मोहसिन को श्रद्धांजलि दी गई। ये तीनों छात्र लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलाए गए आंदोलन के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मारे गए थे। इस मौके पर छात्र नेता डॉक्टर संजीव आचार्य ने अफसोस जताया कि आज तक इन शहीदों की प्रतिमा या स्थायी स्मारक नहीं बनाया गया।

******************

संक्षिप्त खबरें–

- डुमरी विधायक जयराम महतो आज एक प्रदर्शन के मामले में धनबाद स्थित एडीजे–16 दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में पेश हुए। कोर्ट से बाहर निकलने के बाद विधायक ने कहा कि वह प्रदर्शन में शामिल नहीं थे, केवल उनकी तस्वीर का इस्तेमाल ग्रामीणों ने पोस्टर में किया था। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज मामले को पूरी तरह आधारहीन बताया।
- गढ़वा में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों पर तकनीकी सुधार, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और रोशनी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्कूली वाहनों की जांच, हेलमेट और सीट बेल्ट के सघन अभियान तथा हेल्पलाइन सेवाओं को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।
- जामताड़ा जिले में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि चयनित महिला नेत्रियों को प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय मॉड्यूल आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

******************

राज्य के कई जिलों में कल गरज के साथ बारिश और तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने रांची, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, गोड्डा, गुमला, कोडरमा, रामगढ़, सिमडेगा और देवघर समेत कई जिलों के लिए वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में अगले 24 घंटे के भीतर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

******************

लोहरदगा के बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट मैदान का बीसीसीआई की टीम ने औचक निरीक्षण किया और स्टेडियम के इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। टीम ने ड्रेसिंग रूम, दोनों पवेलियन, सेंटर विकेट, प्रैक्टिस विकेट और साइट स्क्रीन का निरीक्षण किया। उन्होंने चार नए सेंटर विकेट और चार प्रैक्टिस विकेट बनाने का निर्देश दिया और जल्द काम पूरा करने पर बीसीसीआई का मैच मिलने की संभावना जताई। निरीक्षण के बाद टीम ने शहर के होटलों, जिम और खिलाड़ियों की व्यवस्था का भी मुआयना किया और संतोष जताया।

***************